चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/8738
दिनांक : 29.04.2024

विज्ञप्ति

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/8651, दिनांक 03.04.2024 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा सम सेमेस्टर (जून–2024) व्यवसायिक एवं परम्परागत पाठ्यक्रमों (NEP-2020 स्नातक पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के परीक्षा फार्म भरने की तिथि 15.04.2024 तक, तत्पश्चात् दिनांक 26.04.2024 तक निर्धारित की गयी थी।

कतिपय छात्र जो अपना सम सेमेस्टर (जून–2024) का परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये हैं, को अनुकंपा के आधार पर निम्नवत् तिथियों के अनुसार परीक्षा फार्म भरने का अवसर प्रदान किया जा रहा है :–

1. **ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि : 30.04.2024 से**
2. **परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि : 01.05.2024 तक**
3. **महाविद्यालय/विभाग द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित किये जाने की अन्तिम तिथि : 02.05.2024 तक**
4. **महाविद्यालय/विभाग द्वारा सत्यापित परीक्षा फार्म परीक्षा विभाग जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि : 03.05.2024 तक**

व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं दिनांक 06.05.2024 से तथा पम्परागत पाठ्यक्रमों की परीक्षा दिनांक 18.05.2024 से आयोजित होंगी जिनका परीक्षा कार्यक्रम निर्गत किया जा चुका है इसलिए यह परीक्षा फार्म भरने का अन्तिम अवसर होगा।

अग्रतर स्नातक (NEP-2020) पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं जो दिनांक 15.04.2024 से प्रारम्भ हो चुकी हैं, के परीक्षा फार्म सत्यापित किये जाने हेतु दिनांक 30.04.2024 को महाविद्यालय पोर्टल खुला रहेगा। ऐसे छात्र जिनकी परीक्षाएं आरम्भ नहीं हुयी हैं, की अर्हता जाँचते हुए महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान/विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव/उप कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी "मै0 आई0टी0आई0 लिमिटेड" को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही उपर्युक्त सन्दर्भित समस्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
13. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेशित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
14. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

उप कुलसचिव (परीक्षा)